समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद बदला IPL का शेड्यूल ? MI के मैच पर मंडरा रहा खतरा ! एक्शन मोड़ मे BCCI.

Publisher Published on 07 May 2025

## भारत की पाकिस्तान और POK मे सैन्य कार्यवाई के बाद IPL 2025 मे मुंबई इंडियंस के महत्वपूर्ण मुकाबले का वेन्यू बदला जा सकता है.

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और POK में 9 ठिकानों पर एयर-स्ट्राइक करके पहलगाम हमले का बदला ले लिया है. इस सैन्य कार्यवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है और भयंकर युद्ध जैसे हालात पैदा होने लगे हैं. अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि IPL 2025 में मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स मैच का वेन्यू बदला जा सकता है. बता दें कि यह मैच 11 मई को धर्मशाला में खेला जाना है.

एक रिपोर्ट अनुसार 11 मई को होने वाले मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स मैच को धर्मशाला से वानखेड़े में शिफ्ट करने पर चर्चा जारी है. इससे पहले एक अन्य दावा सामने आया था कि मुंबई इंडियंस की टीम 8 मई को धर्मशाला पहुंचेगी, लेकिन चंडीगढ़ और धर्मशाला एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं, ऐसे में दोनों टीम दिल्ली से सड़क यात्रा कर मैच वेन्यू पर पहुंच सकती हैं, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

दिल्ली-पंजाब मैच पर नहीं पड़ेगा असर
8 मई को होने वाले दिल्ली कैपिटल्स बनाम पंजाब किंग्स मैच पर कोई असर नहीं पड़ेगा. ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिए जाने से पहले ही दिल्ली की टीम धर्मशाला पहुंच गई थी. मुकाबला समाप्त होने के बाद दिल्ली की टीम सड़क की राह धर्मशाला से वापस लौटेगी क्योंकि धर्मशाला का एयरपोर्ट फिलहाल बंद अवस्था में है.

आपको बता दें कि ANI के हवाले से BCCI के एक सूत्र ने बताया था कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद IPL 2025 के शेड्यूल पर कोई असर नहीं पड़ेगा. इसी बीच मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स मैच का वेन्यू बदले जाने की खबर वाकई में चौंकाने वाली है. हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.